TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 24 अप्रैल

1. **राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस–** भारत में प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। भारत का संविधान पंचायतों को 'स्वशासन के संस्थानों' के रूप में मान्यता देता है। गांधी जी के स्वप्नों को पूरा करने के लिए 1992 में संविधान में 73वां संशोधन कर पंचायती राज का सिद्धान्त पेश किया गया। पंचायती राज में गांव के स्तर पर ग्राम सभा, ब्लॉक के स्तर पर मंडल परिषद् और जिला के स्तर पर जिला परिषद् होता है।
   - **संदर्भः सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन, भाग 1, अध्याय 6** के संदर्भ मे चर्चा करें।

2. **सचिन तेंदुलकर का जन्म–** 'मास्टर ब्लास्टर', क्रिकेट के भगवान' और 'द लिटिल चैम्पियन' के नाम से मशहुर सचिन रमेश तेंदुलकर का जन्म 24 अप्रैल, 1973 ई. को मुम्बई में हुआ था। वे भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित होने वाले वह पहले खिलाड़ी और सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं। राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार स सम्मानित होने वाले पहले क्रिकेट खिलाड़ी हैं। उन्होंने अपना पहला प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच मुम्बई के लिये 14 वर्ष की आयु में खेला था। उनके अंतर्राष्ट्रीय खेल जीवन की शुरूआत 1989 में पाकिस्तान के विरूद्ध कराची से हुई। उन्होंने भारत के तरफ से छह बार विश्व कप खेला। 2011 में क्रिकेट विश्व कप भारत ने जीता जिसका वे भी हिस्सा थे। उन्होंने अपने क्रिकेट करियर में कई रिकार्ड स्थापित किये हैं। उनके जीवनी पर बनी बायोपिक फिल्म– 'सचिनः ए बिलियन ड्रीम्स' बच्चों को दिखाया जा सकता है।

3. **रामधारी सिंह 'दिनकर' का निधन–** आधुनिक युग के श्रेष्ठ वीर रस के कवि रामधारी सिंह 'दिनकर' का निधन 24 अप्रैल, 1974 ई. को बेगुसराय में हुआ था। दिनकर के प्रसिद्ध रचनाएं तथा काव्य संग्रह 'रेणुका', 'हुंकार', 'रसवन्ती', 'उर्वशी', 'रश्मिरथी', 'परशुराम की प्रतीक्षा' हैं। दिनकर की अधिकांश रचनाओं में वीर रस मिलता है। उन्हें वर्ष 1959 में 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' तथा 'पद्म भूषण' 1972 में ज्ञानपीठ सम्मान प्राप्त हुआ।
   - **संदर्भः** बच्चों को **'शक्ति और क्षमा' (किसलय भाग 2 पाठ 13 ), 'ईर्ष्याः तू न गई मेरे मन से' (किसलय भाग 3 पाठ 10), चाँद का कुर्ता (कोंपल भाग 3 पाठ 4 ), तथा 'कृष्ण की चेतावनी'** से जोड़कर चर्चा करें।

4. **तीजन बाई का जन्म–** तीजन बाई भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के पंडवानी लोक–नाट्य की पहली महिला कलाकार हैं। 13 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपना पहला मंच प्रदर्शन किया। उस समय में महिला पंडवानी गायिकाएं केवल बैठकर गा सकती थीं जिसे वेदमती शैली कहा जाता था। पुरूष खड़े होकर कापालिक शैली में गाते थे। तीजनबाई पहली महिला थी जिन्होंने कापालिक शैली में पंडवानी का प्रदर्शन किया। वे 1988 में भारत

W e d n e s d a y

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

24 अप्रैल

**मधु प्रिया**

## राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल



देश में हर वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। पंचायती राज मंत्रालय राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस या राष्ट्रीय स्थानीय स्वशासन दिवस का आयोजन करता है। भारत में अप्रैल 2010 में पहला राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस या राष्ट्रीय स्थानीय सरकार दिवस मनाया गया था। 24 अप्रैल 1993 को पंचायती राज के संविधान (73 वां संशोधन) अधिनियम, 1992 के माध्यम से संस्थागतकरण के साथ, जमीनी स्तर पर सत्ता के विकेंद्रीकरण के इतिहास में एक निर्णायक क्षण आया, जो इस दिन से प्रभावी हुआ। पंचायती राज मंत्रालय हर साल 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस (NPRD) के रूप में मनाता है, क्योंकि इस तारीख को 73 वां संवैधानिक संशोधन लागू हुआ था। राजस्थान पहला राज्य था, जिसने 1959 में दिवंगत प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के समय में पंचायती राज व्यवस्था को लागू किया था।भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह ने 24 अप्रैल 2010 को पहला राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस घोषित किया था। उन्होंने उल्लेख किया कि अगर पंचायती राज संस्थाओं ने ठीक से काम किया और स्थानीय लोगों ने विकास प्रक्रिया में भाग लिया, तो माओवादी खतरे का मुकाबला किया जा सकता है।इस वर्ष राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2022 का राष्ट्रीय कार्यकम जम्मू कश्मीर के सांबा जिला अंतर्गत पल्ली पंचायत में आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है।इस वर्ष 24 अप्रैल 2023 को 13वां राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जायेगा। पंचायती राज के अन्तर्गत गाँव की ग्राम पंचायत, ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक परिषद, जिला स्तर पर जिला परिषद् आता है। इनके सदस्यों का चुनाव जमीनी स्तर पर जनता के द्वारा किया जाता है, और स्थानीय शासन की बगडोर संभालते है।

# जन्मदिन विशेष 24 अप्रैल

राकेश कुमार




**सचिन तेंदुलकर** *Sachin Tendulkar*, जन्म: 24 अप्रॅल, 1973) क्रिकेट इतिहास में विश्व के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ों में शामिल एक भारतीय क्रिकेटर हैं। वे बल्लेबाज़ी में कई कीर्तिमान स्थापित कर चुके हैं। सचिन तेंदुलकर ने टेस्ट व एकदिवसीय क्रिकेट, दोनों में सर्वाधिक शतक अर्जित किये हैं। वे टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज़ है। इसके साथ टेस्ट क्रिकेट में 15,000 से अधिक रन बनाने वाले वे विश्व के एकमात्र खिलाड़ी हैं। एकदिवसीय मैचों में भी उन्हें कुल सर्वाधिक रन बनाने का कीर्तिमान प्राप्त है।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 24.04.2024

## आग्रहिता

मुखरता अथवा आग्रहिता वह गुण है, जिसके बूते व्यक्ति विनम्रता और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख पाता है। इसे दब्बू या आक्रामक होने से अलग देखा जाता है। मनोविज्ञान और मनोचिकित्सा की रिसर्च के अनुसार इसे सीखा जा सकता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार **लंदन** में **अंग्रेजों** से ज्यादा **भारतीय नागरिकों** ने वहां की **प्रॉपर्टी** खरीद रखी है।

# TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## शतरंज

**डी गुकेश कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी: 17 साल की उम्र में जीता, विश्वनाथन आनंद के बाद टूर्नामेंट जीतने वाले दूसरे भारतीय**



भारत के 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया। वे वर्ल्ड खिताब के लिए सबसे कम उम्र में चुनौती देने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। अब वर्ल्ड चैंपियन खिताब के लिए उनकी भिड़ंत चीन के डिंग लिरेन से होगी।

गुकेश से पहले 1984 में रूसी खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने सबसे कम उम्र 22 साल में यह टूर्नामेंट जीता था।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 369

**केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा किस शहर में स्थित हैं ?**

A. बेंगलुरु

B. चेन्नई

C. अहमदाबाद

D. त्रिवंतपुरम



www.teachersofbihar.org

सही उत्तर: A

भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, परोपकारी, राष्ट्रवादी कार्यकर्ता, महान द्रष्टा, काशी विद्यापीठ के संस्थापक, दैनिक समाचार पत्र 'आज'के संस्थापक



**बाबू शिव प्रसाद गुप्त**

जी की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।

जन्म- 28 जून 1883 24 अप्रैल 1944

मधु प्रिया


www.teachersofbihar.org


भारतीय चित्रकार, पद्मभूषण से
सम्मानित
जामिनी राय जी
की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन।
जन्म- 11 अप्रैल 1887- मृत्यु- 24 अप्रैल 1972
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
www.teachersofbihar.org
मधु प्रिया



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Happy Birthday To You!
सचिन रमेश तेंडुलकर
के जन्मदिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं।
जन्म: 24 अप्रैल 1973
www.teachersofbihar.org
मधु प्रिया

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



## 'ज्ञानपीठ पुरस्कार', 'साहित्य अकादमी पुरस्कार', 'पद्म भूषण' से सम्मानित प्रसिद्ध राष्ट्रकवि

# रामधारी सिंह दिनकर जी

## की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

**जन्म- 23 सितंबर 1908 - मृत्यु- 24 अप्रैल 1974**

www.teachersofbihar

मधु प्रिया

जन्मदिन विशेष

24 अप्रैल 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अपने सपनों का पीछा करना मत

छोड़ो क्योंकि सपने सच होते हैं।



**सचिन तेंदुलकर**

**( महान क्रिकेट खिलाड़ी )**

**जन्म: 24 अप्रैल 1973**

राकेश कुमार